**Need to establish an ESIC hospital in Farrukhabad Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh-Laid**

**श्री मुकेश राजपूत (फर्रूखाबाद) :** मेरे संसदीय क्षेत्र फर्रूखाबाद में एक भी कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा संचालित चिकित्सालय नहीं है । फर्रूखाबाद जनपद में आलू उत्पादन एवं कपड़ों पर ब्लॉक प्रिंटिंग, जरदोजी का कार्य बड़े पैमाने पर होता है जिसमें लाखों की संख्या में श्रमिक कार्य करते हैं । परंतु उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए एक भी श्रमिक चिकित्सालय नहीं है । मेरा माननीय श्रम एवं रोजगार मंत्री जी से विनम्र निवेदन है कि मेरे संसदीय क्षेत्र फर्रूखाबाद में फर्रूखाबाद शहर में एक श्रमिक चिकित्सालय ई.एस.आई.सी. अस्पताल की स्थापना करानें की कृपा करें जिससे कि मेरे क्षेत्र के श्रमिकों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान हो सके ।